# केन्द्रीय विद्यालय संगठन : मुम्बई संभाग
## अर्ध वार्षिक परीक्षा : 2025-26
### कक्षा : आठवीं
### विषय : हिंदी - (002)
### उत्तर-कुंजी : प्रतिदर्श प्रश्न पत्र (सेट – 3)

---

| प्रश्न संख्या | | उत्तर | अंक |
|---|---|---|---|
| **1.** | | निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- | **7 अंक** |
| | I | (क) शीघ्र | 1X1=1 |
| | II | (ग) जो समय को पहचान लेता है। | 1X1=1 |
| | III | (क) कथन सही है परंतु कारण गलत है। | 1X1=1 |
| | IV | किसान ने आलस्यवश उन्हें नहीं उड़ाया। किसान को तब होश आया जब चिड़ियाँ उसकी सारी फसल खा गयीं। अब क्या किया जा सकता था? हानि हो चुकी थी। किसान पछताने लगा। | 1X2=2 |
| | V | सफलताएँ समय पर कार्य करने वालों के चरण चूमती है और लापरवाह व्यक्ति के हिस्से में केवल पछतावा ही आता है। | 1X2=2 |
| **2.** | | निम्नलिखित काव्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए- | **7 अंक** |
| | I | (घ) उपर्युक्त सभी | 1X1=1 |
| | II | (ग) मीठी-मीठी खुशियाँ | 1X1=1 |
| | III | (ख) कथन सत्य है और कारण भी सत्य है। | 1X1=1 |
| | IV | सूरज लाल थाली-सा पूर्व दिशा में निकलता है तथा सोने के तारों जैसी किरणें सूरज से ही निकलती हैं व रोशनी फैलाती हैं और खुशियां लाती हैं। | 1X2=2 |
| | V | प्रातः काल का दृश्य बड़ा ही मनमोहक होता है। पत्तों पर ओस की बूंदें बहुत अच्छी लगती हैं। सूरज लाल थाली-सा उगता है व किरणें फैलाता है। | 1X2=2 |
| **3.** | | निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- | **10 अंक** |
| | I | दिए गए शब्दों में से समान अर्थ न रखने वाले शब्द को छांट कर लिखें-<br>(क) निशा (ख) विदेश | 1X2=2 |
| | II | दिए गए क्रिया विशेषण शब्दों से एक-एक वाक्य बनाइए-<br>(क) उसने लाठी **धीरे से** घुमाई थी परंतु कुछ तिनके गिर गए।<br>(ख) वह अपनी बात हमेशा **चिल्लाक**र कहता है। | 1X2=2 |
| | III | 'आना' और 'जाना' क्रिया शब्दों से एक-एक सार्थक वाक्य बनाइए।<br>(क) **आना -** यहां आपको नहीं आना चाहिए था।<br>(ख) **जाना -** तुम्हें आज दफ्तर अवश्य जाना है। | 1X2=2 |
| | IV | योजक चिन्ह का प्रयोग करते हुए 2 शब्द युग्म लिखें।<br>चित्र-पहेली, मित्र-दर्शन | 1X2=2 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | V | 'टूट पड़ना' मुहावरे का अर्थ और वाक्य प्रयोग लिखें।<br>**अर्थ** - झपट पड़ना<br>**वाक्य**-  लक्ष्य प्राप्ति के लिए पूरी शक्ति से टूट पड़ना चाहिए। | 1X2=2 |
| **4.** | | निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए- | **5 अंक** |
| | I | (क) स्नान होता है | 1X1=1 |
| | II | (ख) नीलधारा | 1X1=1 |
| | III | (ग) चंडिका देवी की | 1X1=1 |
| | IV | (क) गंगा जी का | 1X1=1 |
| | V | (क) कथन सत्य है किंतु कारण असत्य है। | 1X1=1 |
| **5.** | | निम्नलिखित गद्य भाग पर आधारित किन्हीं **दो प्रश्नों** के उत्तर लिखिए- | **4 अंक** |
| | I | मेरे लिए सबसे ज्यादा पवित्रता और प्रसन्नता का अनुभव उस समय होता है जब मैं किसी शांत प्राकृतिक स्थल पर होता हूँ, जैसे- पहाड़ी, झील किनारा, जंगल का कोना या नदी के पास एकांत बेंच। जब मैं ऐसे प्राकृतिक परिवेश में होता हूँ, तो मेरा मन तुरंत तनावमुक्त हो जाता है। इस जगह की निम्न बातें मुझे अच्छी लगीं- यहाँ हरी-भरी घाटियाँ, बहती नदियाँ और पेड़ों की सरसराहट सुनने को मिलती है। कोई भीड़-भाड़ नहीं, फोन की रिंगटोन या तेज मशीनों का कोई स्थान नहीं है। | 1X2=2 |
| | II | हरिद्वार यात्रा के दौरान आप हरि की पैड़ी, मनसा देवी मंदिर, चंडीका देवी मंदिर, माया देवी मंदिर और कनखल जैसे प्रमुख स्थलों का दर्शन कर सकते हैं। इसके अलावा, भारत माता मंदिर हरिद्वार के महत्वपूर्ण आकर्षणों में शामिल हैं। शाम को हरि की पैड़ी पर होने वाली गंगा आरती विशेष रूप से देखने लायक होती है। | 1X2=2 |
| | III | हाँ, पशु-पक्षी मनुष्य की तरह ही परिवार और घर का महत्व समझते हैं। पाठ 'दो गौरैया' में, गौरैयों का जोड़ा घोंसला बनाने, उसमें अंडे देने और बच्चों का पालन-पोषण करने के लिए अपनी जान जोखिम में डालता है। उनका यह व्यवहार दर्शाता है कि वे उस घर को अपना परिवार मानते हैं और उसकी रक्षा के लिए कुछ भी कर सकते हैं। | 1X2=2 |
| **6.** | | निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए- | **5 अंक** |
| | I | ग) हर परिस्थिति में संतुलन होना आवश्यक है | 1X1=1 |
| | II | ख) सत्य का पालन करना किसी साधना से कम नहीं है | 1X1=1 |
| | III | ख) दूसरों के काम आना | 1X1=1 |
| | IV | ख) गुरु का महत्व | 1X1=1 |
| | V | (क) कथन सही है परंतु कारण गलत है। | 1X1=1 |
| **7.** | | निम्नलिखित पद्य भाग पर आधारित किन्हीं **दो प्रश्नों** के उत्तर दीजिए। | **4 अंक** |
| | I | शब्दों का प्रभाव स्वयं पर भी पड़ता है, क्योंकि अहंकार त्याग कर मधुर और विनम्र भाषा बोलने से व्यक्ति के मन में भी ठंडक आती है, क्रोध शांत होता है। मधुर वाणी से व्यक्ति को मानसिक शांति मिलती है और एक व्यक्ति के स्वभाव में प्रेम और सकारात्मकता आती है - 1 अंक<br>उदाहरण - 1 अंक | 1X2=2 |
| | II | देश प्रेम एक भावना है जिसमें व्यक्ति अपने देश के प्रति गहरी निष्ठा, प्रेम और समर्पण की भावना रखता है। यह एक ऐसी भावना है जो व्यक्ति को अपने देश की संस्कृति, इतिहास, परंपराओं और मूल्यों के प्रति गर्व और सम्मान की भावना से भर देती है। देश | 1X2=2 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | प्रेम एक महत्वपूर्ण भावना है जो व्यक्ति को अपने देश के प्रति जिम्मेदारी की भावना से भर देती है और देश के विकास में योगदान करने की इच्छा को बढ़ावा देती है। | |
| | III | आशीर्वाद" कविता में, कवि एक बच्चे या नवयुवक को संबोधित कर रहे हैं और उससे बड़े सपने देखने, जीवन में आने वाली कठिनाइयों से न घबराने, और अपने पैरों पर खड़े होने की कोशिश करने का आशीर्वाद दे रहे हैं, ताकि वह अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सके। | 1X2=2 |
| **8.** | | निम्नलिखित में से किसी **एक प्रश्न** का उत्तर दीजिए। | **3 अंक** |
| | I | बड़े या संपन्न होने के साथ-साथ व्यक्ति में ईमानदारी, दया, सहानुभूति, सम्मान, विनम्रता, अनुशासन, और दूसरों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण जैसे मानवीय गुण होने चाहिए। एक सच्चे और सफल व्यक्ति की पहचान उसके नैतिक मूल्यों, जिम्मेदारियों को निभाने की क्षमता, और समाज में योगदान देने से होती है। | 1X3=3 |
| | II | घर एक स्थायी निवास होता है जहाँ केवल परिवार के सदस्य रहते हैं और एक भावनात्मक जुड़ाव होता है, जबकि सराय एक अस्थायी जगह है जहाँ यात्री किराया देकर कुछ समय के लिए ठहरते हैं और फिर चले जाते हैं। पिताजी के घर को 'सराय' कहने का कारण यह था कि घर में बहुत से जीव-जंतु जैसे पक्षी और चूहे आदि आते-जाते रहते थे, जिससे वह एक स्थायी घर की तरह नहीं, बल्कि यात्रियों के ठहराव की जगह जैसा लगने लगा था। | 1X3=3 |
| **9.** | | **पत्र लेखन**<br>विषय वस्तु - 2 अंक<br>भाषा - 1 अंक<br>प्रस्तुति - 2 अंक | **5 अंक** |
| **10.** | | **अनुच्छेद लेखन**<br>आरंभ और अंत की औपचारिकताएं - 1 अंक<br>विषय वस्तु - 2 अंक<br>भाषा - 1 अंक<br>प्रस्तुति - 1 अंक | **5 अंक** |
| **11.** | | **संवाद लेखन**<br>विषय वस्तु - 2 अंक<br>भाषा - 1 अंक<br>प्रस्तुति - 2 अंक | **5 अंक** |